2018

HINDI

(Modern Indian Language)

(Hindi Kavya-Dhara)

Full Marks : 60

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) सूरदास की श्रेष्ठ कृति का नाम क्या है?

(ख) हिन्दी साहित्य की सगुण भक्तिधारा की रामभक्ति शाखा के सर्वश्रेष्ठ कवि कौन हैं?

(ग) 'चित्रकूट में सीता' कविता का कवि कौन है?

(घ) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' द्वारा रचित पाठ्य कविता का नाम क्या है?

(ङ) 'कला और बूढ़ा चाँद' कृति के रचयिता कौन हैं?

(च) महादेवी वर्मा को किस कृति के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला था?

(छ) हरिवंशराय 'बच्चन' के प्रथम काव्य-संग्रह का नाम क्या है?

2. अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×4=8

(क) मीरा ने अपने आराध्य श्रीकृष्ण का रूप-वर्णन किस प्रकार से किया है?

(ख) 'पुष्प की अभिलाषा' नामक कविता की मूल संवेदना क्या है?

(ग) 'नत मस्तक आज हुआ कलिंग' का आशय स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'तोड़ती पत्थर' नामक कविता में चित्रित परिवेश का वर्णन कीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×3=15

(क) प्रेम संबंधी कबीर की धारणाएँ स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'शुन शुनरे सुरवैरी प्रमाणा'—शीर्षक बरगीत के आधार पर राम के लंका-अभियान का वर्णन कीजिए।

(ग) 'प्रज्वलित वह्नि' कविता के माध्यम से कवि क्या कहना चाहते हैं?

(घ) "जग पूछ रहा उनकी, जो जग की गाते,
मैं अपने मन का गान किया करता हूँ!"

आशय स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'पतझर' कविता के आधार पर कवि की प्रगतिवादी दृष्टि को स्पष्ट कीजिए।

4. तुलसीदास की 'दोहावली' के आधार पर राम की महत्ता का वर्णन कीजिए। 10

अथवा

'चित्रकूट में सीता' कविता का सारांश लिखिए।

5. विद्यापति के जीवन और साहित्य का परिचय दीजिए। 10

अथवा

रामधारी सिंह 'दिनकर' के साहित्य का मूल्यांकन कीजिए।

6. सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

ऊधौ हरि काहे के अंतरजामी।
अजहुँ न आइ मिलत इहँ अवसर, अवधि बनावत लामी।।

अथवा

नयन में जिसके जलद वह तृषित चातक हूँ,
शलभ जिसके प्राण में वह निठुर दीपक हूँ,
एक होकर दूर तन से छाँह वह चल हूँ,
दूर तुमसे हूँ अखंड सुहागिनी भी हूँ!

★★★